समाचार

# राजस्व मंत्री ने किया कोविड आईसोलेशन सेंटर का उद्घाटन

## (पार्षद मद से 07 नग आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर सेट सौपे गए)




कोरबा 13 मई 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने पी.जी.कालेज कोरबा के हास्टल में स्थापित कोविड आईसोलेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के पार्षद मद से श्री अमरजीत सिंह पार्षद द्वारा कोरोना संक्रमण में आक्सीजन सपोर्ट हेतु 07 आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर एवं मानीटर भी राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के करकमलों से उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी भी उपस्थित थे।

श्री अग्रसेन चेरिटेवल ट्रस्ट, सेवा भारती संस्था एवं कृष्णा ग्रुप सप्तदेव मंदिर कोरबा के संयुक्त सहयोग से पी.जी.कालेज कोरबा के समीप हास्टल में कोविड पाजिटिव मरीजों के लिए आईसोलेशन हेतु 50 बिस्तरयुक्त कोविड आईसोलेशन सेंटर प्रारंभ किया गया है। इस केन्द्र में कोरोना संक्रमित ऐसे बिना लक्षण वाले मरीज जिनके निवास में होम आईसोलेशन की सुविधा नहीं है, उन्हें खानपान की व्यवस्था के साथ चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होने सेंटर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं उपलब्ध कराई गई सुविधाओं व व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के नियंत्रण एवं संक्रमित मरीजों के इलाज हेतु राज्य सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। उन्होने कहा कि कोरबा जिले में इस दिशा में संसाधनों की कोई कमी नहीं है तथा पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी है, उन्होने कहा कि लगातार प्रयास करके कोरोना से जंग के लिए अस्पताल, आक्सीजन बेड, वेन्टिलेटर, दवाईयां एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आज से कोरबा में आरटीपीसीआर टेस्ट लैब भी प्रारंभ हो चुका है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ी जा रही इस बड़ी लड़ाई में कोरबा के स्वयंसेवी व सामाजिक संगठन, शासन प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर

अपना सहयोग दे रहे हैं, सभी के सहयोग से हम शीघ्र ही कोरोना पर विजय प्राप्त करेंगे। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने पार्षद मद से आपात चिकित्सकीय सहायता हेतु आक्सीजन की कमी वाले मरीजों के लिए 07 नग आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर एवं मानीटर सेट सौपे।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी. बी.बोर्डे, एम.आई.सी.सदस्य व पार्षद अमरजीत सिंह, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, महेश भावनानी, किशोर बुटोलिया, मोहनलाल अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, बजरंग अग्रवाल, शिव अग्रवाल, रामसेवक अग्रवाल, निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।